सम्पूर्ण पशु आहार पैलेट तकनीक

उपयोगिता

विभिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थो से रूमन का वातावरण बदलता रहता है। सम्पूर्ण पशु आहार पैलेट से रूमन का वातावरण एक सा रहता है जिसका सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव अच्छा रहता है। इसके कारण पाचन अच्छा रहता है तथा पशु का उत्पादन बढ़ता है। इसमें चारा, दाना परम्परागत, गैर-परम्परागत, खनिज लवण, शीरा, नमक, कीड़े की दवा इत्यादि सभी को समुचित अनुपात में एक साथ मिला दिया जाता है। इससे पशु अरूचिकर पदार्थ भी खा लेते हैं।

आवश्यक उपकरण, श्रम व पूँजी

पैलेट के रूप में आहार बनाने के लिए ग्राइण्डर व मिक्सचर के साथ पैलेटिंग मशीन की भी आवश्यकता होती है। इस तरह से इसकी कुल लागत लगभग 3,50,000 से 4,00,000 रुपये होगी ।

• विद्युत मोटर	:	लगभग 75 एच.पी.
• विद्युत खर्च (प्रतिदिन)	:	450 यूनिट
• श्रम	:	1 ऑपरेटर व 4 श्रमिक
• क्षमता	:	2 टन/घण्टा

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन प्रसार शिक्षा विभाग
स्नातकोत्तर पशुचिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पी.जी.आई.वी.ई.आर.)
(राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय)
एन.एच. 11, आगरा रोड़, जामडोली, जयपुर-302031